# बिहारीलाल स्मारक किसान पी.जी.कालेज

आमादरवेशपुर (न्योरी),अम्बेडकर नगर(उ0प्र0) 224181

हमारे प्रेरणा श्रोत




स्व.जयप्रकाश यादव
संस्थापक प्रबंधक

**COURSES offered**

- B.A.
- B.Sc.
- B.Com.
- M.A.
- M.Sc.
- M.Com.
- B.Sc.(Ag.)
- M.Sc.(Ag.)
- D.El.Ed.(B.T.C.)
- B.Ed.
- A.N.M
- G.N.M.
- I.T.I
- B.Pharma (Proposed)
- D.Pharma (Proposed)







बिहारी लाल स्मारक किसान शिक्षण सेवा संस्थान
B.L.S.K.P.G.COLLEGE
www.blskcollege.co.in

## PROSPECTUS/ विवरणिका

DEEP LEARNING | GROWING FAITH | REAL LIFE

लाइब्रेरियन -8726430373 कृषि संकाय -8726430374 कला संकाय -8726430375
विज्ञान संकाय-8726430376 वाणिज्य संकाय-8726430377 स्नातक संकाय -8726430378

FOR OTHER QUERIES 8726430379, 8726430381 Visit us at www.blskcollege.co.in Mail us at bababiharilal@gmail.com | blskcollege@gmail.com



श्रध्येय-बाबा बिहारीलाल

(जन्मतिथि-1903 मृत्यु तिथि-1991)



श्री तीर्थराज यादव

संस्थापक / अध्यक्ष



## श्रीयुत जय प्रकाश यादव (संस्थापक)

**25.05.1960 - 10.09.2019**

जिनके जीवन मूल्यों, आदर्शो एवं समाज
को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के स्वप्न की साकार
अभिव्यक्ति हेतू बाबा बिहारी लाल एजुकेशनल ग्रुप आफ कॉलेज
सदैव प्रगति के मार्ग पर अग्रसरित

# प्रबन्धक का संदेश



शिक्षित युवा शक्ति किसी राष्ट्र की अमूल्य निधि है। शिक्षा व्यक्ति को परिष्कृत एवं परिमार्जित करती है, शिक्षा ही युवा शक्ति की आन्तरिक ऊर्जा को विकसित करती है । युवाओं की इसी शक्ति को विकसित करने के लिए उच्च शिक्षण संस्थाओं की स्थापना की जाती है । इसी भावना से प्रेरित होकर "बिहारी लाल स्मारक किसान शिक्षण सेवा संस्थान" की स्थापना की गयी । जिसका सूत्र वाक्य "विद्या ददाति विनयम्" है । इस समय राष्ट्र के समक्ष ज्वलन्त समस्याएं जैसे–जनसंख्या विस्फोट, बेरोजगारी, पर्यावरण प्रदूषण, गरीबी, अंधविश्वास, नशाखोरी एवं भ्रष्टाचार, मुँह बाये खड़ी है । इन समस्याओं का पता लगाना एवं निराकरण करना प्रत्येक राष्ट्र का उत्तर दायित्व होता है । इसी भावना से प्रेरित होकर संस्था ने एक उच्च शिक्षा केन्द्र बिहारी लाल स्मारक किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं अन्य संस्थाओं की स्थापना करने पर निर्णय लिया । उस संस्थाओं के माध्यम से विभिन्न संस्थाएं शैक्षिक एवं क्रियात्मक कार्यक्रम प्रसारित कर रही हैं । संस्थान द्वारा स्थापित संस्थाएं प्रशासनिक एवं अनुशासित वातावरण निर्मित करके राष्ट्र के निर्माण में सहायक हो रही है । इन कार्यो हेतु एन.एस.एस., रेडक्रास, स्काउटगाइड, जनसंख्या, शिक्षा प्रकोष्ठ, वातावरण सम्बर्द्धन कार्यक्रम इत्यादि सरकारी कार्यक्रम संचालित किये जा रहे है । कार्यक्रमों के संचालन में क्षेत्रीय जनमानस भी जुड़ा हुआ है । हम साक्षर भारत, स्वस्थ बच्चे, हरित पर्यावरण, भयमुक्त समाज का सपना साकार करना चाहते है । इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनमानस भी हमारे साथ दृढ़ संकल्पित है ।

इस महाअभियान में हमारे सभी संस्थाओं के प्राचार्य, अध्यापक, कर्मचारी, छात्र / छात्राएं एवं समस्त क्षेत्रीय जनमानस धन्यवाद के पात्र हैं । जिनके विशिष्ट सहयोग से हम इस दृढ़ संकल्प को पूर्ण करने के लिए तन, मन, धन से संकल्पित हैं ।

प्रबन्धक
**वेद प्रकाश गोपाल**




BABA BIHARI LAL
INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
Admissions Open
School of Nursing
A.N.M. 2 Years
G.N.M 3.5 Years



# दृष्टि (Vision)

महाविद्यालय के छात्रों के लिए एक ऐसा वातावरण पैदा करना जहाँ छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशलउन्मुखीकरण शिक्षा के द्वारा छात्र/छात्राओं का बौद्धिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, नैतिक, भौतिक विकास करना है । महाविद्यालय छात्र/छात्राओं के मानसिक विकास के साथ ही साथ रचनात्मक, अनुशासित व्यक्तित्व, सुदृढ़ नागरिक बनाने हेतु कटिबद्ध है । जिससे समाज में आदर्श सदस्य के रुप में अपने दायित्वों का निर्वाहन पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से कर सकें ।

# लक्ष्य (Mission)

संस्था का लक्ष्य समाज एवं राष्ट्रनिमार्ण में कटिबद्ध युवा महिलाओं को प्रबुद्ध, सुसंस्कृत एवं नैतिक रुप से दायित्ववान बनाकर उन्हें नवीनतम ज्ञान तकनीक से परिचित कराते हुए उनका सर्वांगीण विकास करना है ।

# महाविद्यालय का संक्षिप्त इतिहास एवं परिचय

पूर्वी उत्तर प्रदेश अम्बेडकर नगर जिले के बाबा गोविन्द साहब की तपो स्थली के निकट तथा पतित पावनी पवित्र सरयू नदी के पावन तट के दक्षिण लगभग 15 कि.मी. की दूरी पर आमादरवेशपुर ग्राम में बिहारी लाल स्मारक किसान पी.जी. कालेज स्थित है । इस कालेज के संस्थापक श्रीयुत जय प्रकाश यादव एवं हमारे प्रेरणा श्रोत मा0 बलराम यादव जी पंचायती राज मंत्री के करकमलों द्वारा 26 जनवरी 2007 को इस महाविद्यालय की आधार शिला रखी गयी इस महाविद्यालय के प्रबन्धक श्री वेद प्रकाश गोपाल जी एवं अध्यक्ष श्री तीर्थराज यादव जी हैं । महाविद्यालय का नाम महाविद्यालय के प्रबन्धक जी के पितामह स्व0 श्री बिहारी लाल के नाम पर रखा गया । यह महाविद्यालय आजमगढ़ अम्बेडकर नगर मुख्य **मार्ग पर न्योरी चौराहे से 1 किमी. उत्तर दिशा में स्थित है । अम्बेडकर नगर से मुख्य राज्य मार्ग पर इस महाविद्यालय की दूरी 40 किमी. एवं आजमगढ़ से 50 किमी. की दूरी पर यह महाविद्यालय स्थित है ।**

**अध्यक्ष और प्रबन्धक जी के मन में एक अटूट विश्वास एवं एवं उत्कृष्ट इच्छा थी कि इस ग्रामीण क्षेत्र में महाविद्यालय की स्थापना कर अज्ञानता का जीवन जी रही जनता को इससे मुक्ति दिलायी जाय । आपने उस सपने को साकार करने के लिए शिक्षा की जो मशाल जलाई है वह अनवरत जलती रहेगी । जब तक धरती, आकाश और तारे रहेगें, महाविद्यालय और प्रबन्धक एवं दृढ़ इच्छा वाले अध्यक्ष तथा मंत्री जी का नाम रहेगा । इस संसार में बहुत लोग हैं । परन्तु दृढ़ इच्छा शक्ति को मूर्त रुप देने के लिए विरले होते है । इसी विचार से आपने और आपके अनुजों ने समाज कल्याण और इस पिछड़े क्षेत्र को ज्ञान के प्रकाश से प्रकाशित करने के लिए इस महाविद्यालय की स्थापना की ।**

आज के इस वैज्ञानिक एवं तकनीकी युग में महाविद्यालय को अवध विश्वविद्यालय से स्नातक एवं परास्नातक तथा प्रशिक्षण विषयों में सम्बद्धता प्राप्त है । इस महाविद्यालय के छात्र/छात्रायें क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं । 10 एकड़ के विशाल भू–भाग में 1.36 एकड़ में निर्मित भवन में स्थित इस महाविद्यालय में छात्र/छात्राओं की संख्या में निरंतर वृद्धि होना महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है ।



# महाविद्यालय का भवन एवं साज सज्जा

महाविद्यालय में शैक्षिक एवं प्रशासनिक कार्यो के सम्पादनार्थ कुल 60 कक्ष सुसज्जित रुप में निर्मित कक्ष है । छात्र/छात्राओं के बैठने हेतु महाविद्यालय में पर्याप्त काष्ठोपकरण की व्यवस्था है । महाविद्यालय का प्रत्येक कक्ष पूर्ण रुप से बिजली, पंखा, से सुसज्जित है । महाविद्यालय में प्रयोगात्मक विषयों हेतु सुसज्जित प्रयोगशालाएं है ।

सामान्यतया महाविद्यालय संस्थापक की उत्कृष्ट इच्छा रहती है कि इस महाविद्यालय को एक अद्वितीय शिक्षा केन्द्र बनाया जाय जो कि इस महाविद्यालय के निर्मित व निर्माणाधीन भवनों एवं उस प्रांगण की साज–सज्जाओं तथा महाविद्यालय के प्रांगण के मध्य में निर्माणाधीन उद्यान से स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है । इस कार्य में आपका भी सहयोग अपेक्षित है।

## महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया

महाविद्यालय में कला संकाय के अन्तर्गत प्राध्यापित विषयों में प्रवेश हेतु स्नातक कला/विज्ञान प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष, तृतीय वर्ष में महाविद्यालय द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र पर आवेदन करना होगा जो कि महाविद्यालय कार्यालय से निर्धारित शुल्क जमा करके प्राप्त किया जा सकता है । प्रवेश के समय निम्न संलग्नकों को प्रवेश आवेदन पत्र में संलग्न करना अनिवार्य होगा ।

1. हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण परीक्षाओं के अंक पत्र की छाया प्रति ।
2. अभ्यर्थी का नवीनतम पासपोर्ट आकार की फोटो
3. **अन्तिम शिक्षा प्राप्त संस्थान के प्रधानाचार्य द्वारा निर्गत टी0सी0 एवं चरित्र प्रमाण–पत्र की मूलप्रति ।**
4. **आधार कार्ड की छायाप्रति। नोटः प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन कराने के पश्चात यूनिक नम्बर सुरक्षित रख लें परीक्षा फार्म उक्त नम्बर से ही भरा जायेगा ।**


## महाविद्यालय संचालन हेतु विभिन्न समितियाँ

**1. प्रवेश समिति । 2.अनुशासन समिति । 3.वित्त समिति ।**
**4. विभिन्न विषयों की समितियाँ । 5.परीक्षा समिति । 6.सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति ।**
**7. क्रीड़ा समिति । 8.पुस्तकालय समिति ।**

## महाविद्यालय में प्रवेश हेतु आरक्षण का विवरण

**अनुसूचित जाति 21:ए अनुसूचित जनजाति 02:ए पिछड़ी जाति 27:ए विकलांग 5:ए उपरोक्त महाविद्यालय के शिक्षक /शिक्षणेत्तर कर्मचारी के सदस्यों के पुत्र–पुत्री, भाई–बहन, पौत्र/पौत्री 5: ।**

**नोटः यदि इन आरक्षित संख्याओं से छात्र/छात्राएं कम उपलब्ध रहते है, तो सामान्य छात्र/छात्राओं को प्रवेश हेतु वरीयता दी जायेगी ।**


BBL INSTITUTE OF EDUCATION(B.Ed./BTC)


BBL HOSTEL


GOPAL BAL VIDYA MANDIR

## डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या से सम्बद्धता प्राप्त संचालित विषयः

### स्नातक कला वर्ग (बी.ए.)

1. हिन्दी (Hindi)
2. संस्कृत (Sanskrit)
3. अंग्रेजी (English)
4. उर्दू (Urdu)
5. भूगोल (Geography)
6. गृह विज्ञान (Home Sc.)
7. सैन्य विज्ञान (Military Sc.)
8. चित्रकला ( Art work)
9. मनोविज्ञान (Psychology)
10. राजनीतिशास्त्र (Pol.Sc.)
11. समाजशास्त्र (Sociology)
12. शिक्षाशास्त्र (Education)
13. प्राचीन इतिहास (A.History)
14. अर्थशास्त्र(Economics)
15. इतिहास(History)
16. दर्शनशास्त्र(Philosphy)
17. शारीरिक शिक्षा(Physical Education)

### स्नातक विज्ञान वर्ग (बी.एस.सी.)

1. भौतिक विज्ञान (Physics)
2. रसायन विज्ञान (Chemistry)
3. गणित (Maths)
4. रसायन विज्ञान (Chemistry)
5. जन्तु विज्ञान (Zoology)
6. वनस्पति विज्ञान (Botany)
7. कम्प्यूटर एप्लीकेशन (Computer Application)

### स्नातक कृषि संकाय में बी0एस0सी0(कृषि)/ B.Sc.(Ag.)

### स्नातक वाणिज्य संकाय में बी.काम.(कामर्स)

### परास्नातक कला वर्ग (एम0ए0)

1. हिन्दी (Hindi)
2. संस्कृत (Sanskrit)
3. उर्दू (Urdu)
4. अंग्रेजी (English)
5. भूगोल (Geography)
6. गृह विज्ञान (Home Sc.)
7. समाजशास्त्र (Sociology)
8. राजनीतिशास्त्र (Political Sc.)
9. शिक्षाशास्त्र (Education)
10. प्राचीन इतिहास (A.History)
11. चित्रकला(Drawing & Painting)
12. मनोविज्ञान (Psychology)

### परास्नातक विज्ञान वर्ग (एम. एस. सी.)

1. भौतिक विज्ञान (Physics)
2. रसायन विज्ञान (Chemistry)
3. गणित (Maths)
2. जन्तु विज्ञान (Zoology)
3. वनस्पति विज्ञान (Botany)

### परास्नातक कृषि वर्ग में एम0एस0सी (Ag.)

1. कृषिविज्ञान (Agronomy)
2. आनुवंशिकी और पादक प्रजनन (Genetics & Plant Breeding)
3. पशुपालन और डेयरी (Animal Husbandary & Dairying)
4. कीटविज्ञान (Entomology)
5. बागवानी (Horticulture)
6. कृषि रसायन और मृदा विज्ञान (Agrculture Chemistry & Soil Science)

### परास्नातक वाणिज्य वर्ग में एम.काम.

### शिक्षा संकाय में

बी0एड0 | डी0एल0एड0 (बी0टी0सी0)

### NURSING

**A.N.M.** (2 Years)

**G.N.M.** (3.5 Years)

### PHARMACY

(Proposed)

**B-PHARMA** (2 Years)

**D-PHARMA** (3.5 Years)



**उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज द्वारा मान्यता प्राप्त अध्ययन केन्द्र सम्बधित पाठ्यक्रम**

बी0ए0 (सम्पूर्ण विषय) | बी0एस0सी0(सम्पूर्ण विषय) | बी0कॉम0

**सम्पर्क सूत्रः 9559272928** | **कोड सं0: S-406**

- एम0ए0(हिन्दी,संस्कृत,अंग्रेजी,उर्दू, इतिहास,समाजशास्त्र,
- गृहविज्ञान, भूगोल, सोसल वर्क,शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, दर्शनशास्त्र,)
- एकल विषय में दो वर्षीय प्रमाण पत्र
- M.Sc.(Statistics) PGSTAT
- M.Sc(Biochemistry)
- BLIS (लाइब्रेरियन कोर्स)
- CCY (योग में प्रमाण पत्र)
- DHEN (स्वस्थ्य शिक्षा एवं पोषण में डिप्लोमा)
- DCDN(डायटेटिक्स और न्यूट्रीशन में डिप्लोमा)
- DTS(पर्यटन अध्ययन में डिप्लोमा)
- DRD(ग्रामीण विकास में डिप्लोमा)
- CTS(स्वस्थ्य शिक्षा एवं पोषण में डिप्लोमा)
- CCCN(शिशु पालन एवं पोषण में प्रमाण-पत्र)
- CNF(स्वस्थ्य शिक्षा एवं पोषण में डिप्लोमा)
- CHR(पोषण एवं आहार में प्रमाण-पत्र)
- CHFE (एच0आई0वी0 एवं परिवार शिक्षा में प्रमाण पत्र)
- CWED (महिला सशक्तीकरण एवं विकास में प्रमाण पत्र)
- CTEIM (कराधान और निर्यात-आयात प्रबन्धन में प्रमाण)
- CRJMC(ग्रामीण पत्रकारिता एवं जनसंचार में प्रमाण पत्र)

## विषय परिवर्तन

विषय परिवर्तन विद्यार्थी के प्रार्थना पत्र पर प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष की अनुमति से हो सकेगा ।

## परिचय-पत्र

महाविद्यालय में प्रवेश के समय ही छात्र/छात्राएं कार्यालय से परिचय पत्र प्राप्त कर लें जिसे पूर्ण करके निर्धारित स्थान पर फोटो लगाकर छात्र/छात्राएं प्राचार्य/मुख्य नियन्ता से हस्ताक्षर अवश्य करा लें ।

प्रत्येक छात्र/छात्रा को महाविद्यालय द्वारा प्रदत्त प्रमाणित परिचय पत्र साथ में रखना अनिवार्य है । किसी भी समय इसे प्राचार्य/नियन्ता मण्डल द्वारा मागे जाने पर छात्र/छात्रा को प्रस्तुत करना अनिवार्य है परिचय पत्र के बिना परीक्षाफार्म, छात्रवृत्ति फार्म कार्यालय में स्वीकृत नहीं किये जायेगें ।

परिचय पत्र खो जाने की दशा में कार्यालय से दूसरी प्रति निर्धारित शुल्क 25 रुपया जमा कर प्राप्त कर सकते हैं ।

## महाविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क

महाविद्यालय द्वारा निर्धारित शिक्षण शुल्क प्रवेश आवेदन पत्र जमा करनें के समय ही लिया जायेगा, प्रवेश के समय लिया गया शुल्क किसी भी दशा में वापस नही किया जायेगा । डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या द्वारा निर्धारित शुल्क छात्र/छात्राओं द्वारा देय होगा विशेष परिस्थिति में शुल्क दो किस्तों में लिया जा सकता है ।


## छात्रवृत्तियाँ

महाविद्यालय को केन्द्र सरकार/उत्तर प्रदेश शासन/समाजकल्याण/पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग/अनुसूचित जाति विभाग/अल्पसंख्यक विभाग द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी । जिसके लिए छात्र/छात्राओं को अपना आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, समस्त शैक्षणिक अंक एवं शपथ पत्र संलग्न करना आवश्यक है ।

## पुस्तकालय एवं वाचनालय

छात्र/छात्राओं के अध्ययन की सुविधा हेतु महाविद्यालय में संबंधित विषयों की पुस्तकें पुस्तकालय में उपलब्ध हैं । पुस्तकालय की पुस्तकों के उपयोग के लिए पुस्तकालय द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करना अनिवार्य है ।

1. छात्र एवं छात्राएं प्रवेश के समय ही पुस्तकालय में भी निर्धारित आवेदन पत्र पूर्ण करके अपना पुस्तकालय कार्ड पूर्ण करा लें । पुस्तकालय कार्ड पर पुस्तकालय अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षर अवश्य करा लें ।
2. महाविद्यालय पुस्तकालय से पुस्तकें लेते समय पुस्तकालय कार्ड लाना अनिवार्य है, तथा एक बार में एक ही पुस्तक उपलब्ध होगी जिसकी सुरक्षा छात्र/छात्राएं स्वयं करें । पुस्तक फटने या खोने की दशा में पुस्तक का नवीनतम मूल्य तथा निर्धारित अर्थदण्ड जमा करना होगा ।



## उपस्थिति

महाविद्यालय के प्रत्येक व्याख्यान में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है ।



## वाहन सुविधा

महाविद्यालय में वाहन सुविधा सभी मुख्य मार्गो पर उपलब्ध है । कार्यालय द्वारा निर्धारित दूरी के अनुसार शुल्क जमा कर वाहन सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं ।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.)

महाविद्यालय में डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग द्वारा तीन इकाइयाँ प्रदत्त हैं । जिसमें नामांकन के लिए छात्र/छात्राएं कार्यालय पटल से पंजीकरण फार्म लेकर पंजीकरण करा सकते हैं ।

## खेलकूद

महाविद्यालय द्वारा छात्र/छात्राओं के खेलने से सम्बन्धित जागरुकता उत्पन्न करने हेतु वालीवाल, फुटवाल, क्रिकेट, बैडमिन्टन व एथलेटिक की सामग्री उपलब्ध है । अपना परिचय पत्र दिखाकर क्रीडाअधीक्षक से खेल सामग्री महाविद्यालय में खेलने हेतु प्राप्त की जा सकती है ।

## परीक्षा फार्म

परीक्षा फार्म आन-लाइन भरा जायेगा । छात्र/छात्रा परीक्षा फार्म आन-लाइन भरने के उपरान्त निर्धारित तिथि के अन्तर्गत महाविद्यालय में जमा करेगें । निर्धारित तिथि के उपरान्त फार्म विलम्ब शुल्क के साथ लिया जायेगा ।

## अनुशासन सम्बन्धी नियम तथा दण्ड विधान

1. महाविद्यालय में हिंसा का कोई स्थान नहीं है । कोई समस्या ऐसी नहीं है जिसे शान्ति पूर्वक न सुलझाया जा सके ।
2. किसी प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी या छात्र/छात्रा के साथ अभद्र व्यवहार न करें ।
3. जब कक्षायें चल रही हों तो शान्ति में सहयोग दें ।
4. अपना परिचय-पत्र बनवा लें और अपने पास अवश्य रखें । परिचय-पत्र के अभाव में दण्डित हो सकते हैं ।
5. अपनी साइकिल निश्चित स्थान पर ही रखें । बरामदे तथा कमरे के सामने न रखें ।
6. महाविद्यालय के भवन आदि को किसी प्रकार की क्षति न पहुँचायें ।
7. महाविद्यालय परिसर में धूम्रपान निषेध है ।
8. महाविद्यालय के अन्दर तथा बाहर कोई ऐसा काम न करें, जिससे आपका अथवा महाविद्यालय का नाम कलंकित हो ।
9. कोई भी विद्यार्थी अपने साथ किसी मित्र को लेकर परिसर में प्रवेश नहीं करेगा ।
10. महाविद्यालय परिसर में मोबाइल लेकर आना वर्जित है ।
11. महाविद्यालय प्रशासन के हित में किसी छात्र/छात्रा को प्रवेश देने या न देने का सम्पूर्ण अधिकार प्रवेश समिति/प्राचार्य में सन्निहित है । किसी भी छात्र/छात्रा को महाविद्यालय के हित में बिना कारण बताये नियन्ता मण्डल की संतुति पर प्राचार्य निष्कासित कर सकते हैं ।
12. प्रत्येक विद्यार्थी निर्धारित गणवेश में महाविद्यालय परिसर में प्रवेश करेंगे ।
13. महाविद्यालय में जमा किया शुल्क प्रत्यावर्तित नही किया जायेगा ।

**नोटः किसी भी छात्रा को अर्थदण्डित किये जाने से पूर्व उसे अपना पक्ष प्रस्तुत करने का पूरा अवसर प्रदान किया जायेगा ।**


www.blskcollege.co.in

लाइब्रेरियन -8726430373 | कृषि संकाय -8726430374 | कला संकाय -8726430375
विज्ञान संकाय-8726430376 | वाणिज्य संकाय-8726430377 | स्नातक संकाय 8726430378

FOR OTHER QUERIES 8726430379, 8726430381

Visit us at www.blskcollege.co.in Mail us at bababiharilal@gmail.com | blskcollege@gmail.com